# छत्तीसगढ़ शासन
# स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
# राज्य कन्ट्रोल एन्ड कमांड सेंटर
# (COVID19)

website: www.cghealth.nic.in | Corona Helpline - 104 | Email: idspssucg@rediffmail.com

## दैनिक प्रेस विज्ञप्ति – 22 अगस्त 2020 (शाम 09:00 बजे तक)

| Today Positive | Total Positive | Total Active | Today Discharge | Total Discharge | Today Deaths | Total Deaths |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 568 | 20078 | 7495 | 372 | 12394 | 9 | 189 |

- विश्व में अब तक कुल 22767009 व्यक्ति संक्रमित हैं और अभी तक कुल 794435 व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है। भारत में वर्तमान में कोरोना वायरस के संक्रमण से 35 राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश प्रभावित हैं, जिनमें कुल 2222577 स्वस्थ्य होने के उपरांत डिस्चार्ज हुए है, कुल 697330 मरीज सक्रिय हैं तथा कुल 55794 व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है।
- छत्तीसगढ़ राज्य में अब तक कोरोना वायरस के परीक्षण हेतु **कुल 477974 (RTPCR - 339132 + TrueNat - 34164 + Rapid Antigen Kit - 104678) सैम्पल जांच** किया गया है, जिसमें **20078 धनात्मक मरीजों** की पहचान की गई, जिनमें अब तक **कुल 12394 मरीज स्वस्थ्य होने के उपरांत डिस्चार्ज किए गए** तथा 7495 **मरीज सक्रिय हैं।**
- **आज कुल नए 568 कोरोना पॉजिटिव मरीजों की पहचान की गई है। जिला रायपुर से 165, दुर्ग से 64, रायगढ़ से 55, बिलासपुर से 39, बीजापुर से 34, राजनांदगांव व सरगुजा से 31–31, गरियाबंद से 30, जांजगीर–चांपा से 21, नारायणपुर से 13, सुकमा से 11, सूरजपुर से 09, बालोद, कोरबा व कांकेर से 08–08, जशपुर व दंतेवाड़ा से 07–07, धमतरी से 06, मुंगेली से 05, कबीरधाम व बलौदाबाजार से 04–04, महासमुंद से 03, बेमेतरा से 02, बस्तर, कोण्डागांव व अन्य राज्य से 01–01 । आज पाए गए पॉजिटिव मरीजों की अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती प्रक्रिया जारी है।**
- **ठेंगाभाठा, नवागढ़ बेमेतरा निवासी 27 वर्षीय गर्भवती महिला लॉस्ट ट्रायमेस्टर में सीवियर एनीमिया व सिकलसेल डिजीज से पीड़ित, रैपिड टेस्ट कोविड पॉजिटिव मरीज 21.08. 2020 की रात्रि 1:15 AM पर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रायपुर में भर्ती की गई थीं, समुचित उपचार के बावजूद 21.08.2020 की रात्रि 2:41 AM पर इनका निधन हो गया।**
- **अयोध्या नगर चंगोराभांठा रायपुर निवासी 24 वर्षीय पुरुष 22.08.2020 को प्रातः 6:10 AM पर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रायपुर में मृत अवस्था में लाए गए थे, रैपिड एंटीजन टेस्ट में इन्हें पॉजिटिव पाया गया था।**
- **कैंप 2 भिलाई जिला दुर्ग निवासी 35 वर्षीय पुरुष जो जटिल बीमारी वीनस साइनस थ्राम्बोसिस तथा कोविड पॉजिटिव होने की वजह से अर्ध चेतन अवस्था में ब्रेथलैसनेस के साथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रायपुर में 20.08.2020 को भर्ती कराए गए थे। समुचित उपचार के बावजूद 21.08.2020 की शाम में इनका निधन हो गया।**

- तेलीबांधा रायपुर निवासी 40 वर्षीय पुरुष जो गंभीर दशा में लीवर फेल्योर तथा किडनी भी प्रभावित होने की स्थिति में कोविड पॉजिटिव हो 20.08.2020 की रात्रि में मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रायपुर में भर्ती किए गए थे। समुचित उपचार के बावजूद 22.08.2020 को 00:50 AM पर इनका निधन हो गया।
- शंकर नगर रायपुर निवासिनी 54 वर्षीया महिला जो डायबिटीज तथा उच्च रक्तचाप से पूर्व से ही पीड़ित थीं, कफ, बुखार तथा सांस की तकलीफ की वजह से पहले निजी अस्पताल रायपुर में उपचार प्राप्त किया तत्पश्चात इन्हें एम्स रायपुर में 18.08.2020 को उपचारार्थ भर्ती कराया गया था। 19.08.2020 को इन्हें कोविड पॉजिटिव पाए जाने की दशा में एच डी यू में भर्ती रख सघन उपचार उपलब्ध कराए जाने के बावजूद 22.08. 2020 को 3:44 A.M. पर इनका निधन हो गया।
- मुस्लिम पारा दुर्ग निवासी 17 वर्षीय पुरुष जो पूर्व से ही डायबिटीज तथा अन्य जन्मजात डिफेक्ट से पीड़ित साथ ही कोविड पॉजिटिव मरीज थे, ब्रेथलैसनेस, फीवर के लक्षणों के साथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रायपुर में 19.08.2020 को भर्ती कराए गए थे, समुचित उपचार के बावजूद 22.08.2020 को प्रातः काल इनका निधन हो गया।

<u>शासकीय अस्पताल/निजी अस्पताल में पूर्व में हुई मृत्यु जिनकी जानकारी दिनांक 22.08.2020 को प्राप्त हुई है :–</u>

- कुंदरापारा दुर्ग निवासी 50 वर्षीय महिला जो सांस में तकलीफ, बुखार व कफ की तकलीफ की वजह से 20.08.2020 को देर रात 12:16 AM पर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रायपुर में उपचार हेतु भर्ती कराई गयीं थी। 20.08.2020 को ही प्रातः समुचित उपचार के बावजूद इनका निधन हो गया था। दोनों फेफड़ों में न्यूमोनिया से पीड़ित मरीज कालांतर में कोविड पॉजिटिव पाई गयीं थीं।
- लोधीपारा रायपुर निवासी 43 वर्षीय पुरुष जो ब्रेथलैसनेस व कफ की वजह से गंभीर दशा में मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रायपुर में 20.08.2020 को 2:23 AM पर भर्ती किए गए थे, समुचित उपचार के बावजूद 20.08.2020 को शाम में इनका निधन हो गया था। कालांतर में इन्हें कोविड पॉजिटिव पाया गया था।
- दर्रीपारा अंबिकापुर निवासी 54 वर्षीय पुरुष जो पूर्व ही से हृदय रोग से पीड़ित (कोरोनरी आर्टरी बाईपास ग्राफ्टिंग) थे, बुखार, ब्रेथलैसनेस, कफ के लक्षणों के साथ 11.08.2020 को अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर में उपचारार्थ भर्ती किए गए थे, दोनों फेफड़ों के न्यूमोनिया रेस्पिरेट्री डिस्ट्रेस तथा हृदय (लेफ्ट वेंट्रीकल डिस्फंक्शन) के कार्य में अवरोध की वजह से 12.08.2020 को इनका निधन हो गया।

**सुरक्षा के लिए उपयुक्त व्यवहारों #Mask #Handwash #PhysicalDistancing का पालन करें, जागरूक रहें, जागरूक करें।**

| छत्तीसगढ़ में COVID-19 की जिलेवार स्थिति दिनांक 22-08-2020 | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. | जिला | TODAY POSITIVE | TOTAL POSITIVE CASES | TODAY DISCHARGE | TOTAL DISCHARGE | TOTAL ACTIVE CASES | DEATH | |
| | | | | | | | COVID Death | Associated Co-Morbidity |
| 1 | दुर्ग | 64 | 2089 | 17 | 925 | 1138 | 7 | 19 |
| 2 | राजनांदगांव | 31 | 1457 | 45 | 1118 | 331 | 3 | 5 |
| 3 | बालोद | 8 | 264 | 5 | 140 | 124 | | |
| 4 | बेमेतरा | 2 | 213 | 13 | 199 | 12 | | 2 |
| 5 | कबीरधाम | 4 | 284 | | 236 | 48 | | |
| 6 | रायपुर | 165 | 7055 | 83 | 3893 | 3060 | 32 | 70 |
| 7 | धमतरी | 6 | 123 | 1 | 68 | 54 | | 1 |
| 8 | बलौदाबाज़ार | 4 | 595 | 12 | 469 | 123 | 2 | 1 |
| 9 | महासमुंद | 3 | 303 | 2 | 223 | 75 | 1 | 4 |
| 10. | गरियाबंद | 30 | 219 | 1 | 124 | 94 | | 1 |
| 11. | बिलासपुर | 39 | 1234 | 49 | 894 | 332 | | 8 |
| 12. | रायगढ | 55 | 894 | 96 | 459 | 428 | 1 | 6 |
| 13. | कोरबा | 8 | 563 | | 433 | 128 | | 2 |
| 14. | जांजगीर-चांपा | 21 | 706 | 1 | 568 | 132 | 3 | 3 |
| 15. | मुंगेली | 5 | 204 | 1 | 184 | 20 | | |
| 16. | गौरेला पेंड्रा मरवाही | | 33 | | 33 | 0 | | |
| 17. | सरगुजा | 31 | 415 | 5 | 290 | 121 | 1 | 3 |
| 18. | कोरिया | | 267 | | 152 | 112 | | 3 |
| 19. | सूरजपुर | 9 | 163 | 1 | 103 | 59 | 1 | |
| 20. | बलरामपुर | | 259 | 1 | 247 | 12 | | |
| 21. | जशपुर | 7 | 374 | 3 | 293 | 81 | | |
| 22. | बस्तर | 1 | 482 | 13 | 279 | 201 | 1 | 1 |
| 23. | कोंडागांव | 1 | 242 | | 114 | 128 | | |
| 24. | दंतेवाडा | 7 | 236 | 2 | 156 | 78 | 2 | |
| 25. | सुकमा | 11 | 356 | | 101 | 255 | | |
| 26. | कांकेर | 8 | 481 | 10 | 293 | 188 | | |
| 27. | नारायणपुर | 13 | 342 | 7 | 297 | 45 | | |
| 28. | बीजापुर | 34 | 191 | 2 | 92 | 98 | | 1 |
| 0 | अन्य | 1 | 34 | 2 | 11 | 18 | | 5 |
| महायोग | | 568 | 20078 | 372 | 12394 | 7495 | 54 | 135 |

कोविड से संक्रमित व्यक्तियों के स्थाई निवास अनुसार प्रविष्टि किये जाने के फलस्वरूप, जिलेवार दर्ज कोविड मरीजों की संख्या में अंतर संभावित है।

मीडिया प्रभारी
राज्य कन्ट्रोल एन्ड कमांड सेंटर
(COVID19)